comfort, First Class Coaches are being replaced with II A.C. Sleepers.

(vii) Replacement of 24 Volt battery system with End-on and Mid-on Generation system.

(viii) Rings below the lower berths provided to enable the passengers to secure their boxes, suit cases, etc, using their own chains and padlocks.

. (ix) To improve ventilation, the number - of fans in each bay/compartment have been increased from 2 to 3. To provide the increased number of fans, the generating capacity has been increased from 3 KW to 4.5 KW.

(x) In addition to provision of Basic amenlies at different stations both regular/flag and halt stations, Railways are also providing some additional amenities like Waiting Rooms, Retiring Rooms, Refreshment Rooms, Platform Shelter, etc. in a phased manner keeping in view the volume of traffic dealt with at the Station subject to availability of funds.

Restoration of peak speed of trains

122. DR. RATNAKAR PANDEY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to restore the peak speed of most of superfast mail and express trains, hauled by electric locos, from November this year; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MAHABIR PRASAD); (a) Yes, Sir.

(b) The matter is under consideration.

दिल्ली और कानपुर के बीच ई० एम० यू० गाड़ियां

123. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली और कानपुर के बीच ई० एम० यू० गाड़ियां चलाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन गाड़ियों के कब तक प्रारम्भ कर दिये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) और (ख) दिल्ली-कानपुर जैसे खण्डों पर बिजली गाड़ी सेट टाइप के परिचालन परीक्षण करने का प्रस्ताव है। इस समय कोई समय सीमा नहीं बतायी जा सकती है।

इलाहाबाद जंक्शन पर खान-पान के स्टाल

124. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद जंक्शन पर प्लेट-फार्मों पर खान-पान के स्टालों की कुल संख्या क्या है ;

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान कितने और प्लेटफार्मों की संख्या बढ़ाई गयी है ; और

(ग) क्या सरकार प्लेटफार्मों की बढ़ी हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए स्टालों की संख्या में भी वृद्धि करने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) 11.

(ख) एक द्वीप प्लेटफार्म।

(ग) जी नहीं। इलाहाबाद के प्लेट-फार्मों पर अत्यधिक भीड़ रहती है और